sidbi

क्रमांक सं.156458/आरटीआई/ए-21/2018-19

02 अप्रैल 2019

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत अपीलीय प्राधिकारी
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी / बैंक)
<u>प्रथम अपील क्र.ए-21/2018-19</u>

अपीलार्थी : श्री व्ही.के.दास,
<u>जे-78, से-2, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)</u>

<u>निर्णय</u>

प्रस्तावना :

श्री व्ही.के.दास, अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत आवेदन पत्र जो दिनांक 23 जनवरी 2019 द्वारा रायपुर कार्यालय के अधीन 01 जनवारी 2010 से वर्तमान तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों (नियमित, संविदा, अतिशेष एवं प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत) की सूची नाम, पदनाम व पदस्थापना स्थल सहित जानना चाहा था। केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा 21 फरवरी 2019 के आदेश सं. 2570 द्वारा उक्त आवेदन पत्र का निस्तारण किया गया । उत्तर से संतुष्ट न होने की दशा में अपीलार्थी ने दिनांक 13 मार्च 2019 की यह अपील प्रस्तुत की है जो हमें 19 मार्च 2019 को प्राप्त हुई है।

मैने अपीलार्थी द्वारा प्रेषित आवेदन पत्र, केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी के दिनांक 21 फरवरी 2019 के आदेश सं. 2570, एवं अपील का भलीभाँति अवलोकन किया है । मैने केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी के निर्णय द्वारा प्रदान जानकारी का भी अवलोकन किया है जो स्वयं स्पष्ट है।

पी-स-फ

निर्णय :

मेरे विचार से अपीलार्थी द्वारा मांगी गई जानकारी अर्थात रायपुर शाखा कार्यालय में 01 जनवरी 2010 से वर्तमान तक की स्थिति में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची नाम, पदनाम व पदस्थापना स्थल सहित प्रदान की जा सकती है। तदनुसार केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी को यह सूचना उपलब्ध कराई जाए। अतः इस अपील का निपटान किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी को प्रेषित की जाए।

जी. सम्पत कुमार

[जी सम्पत कुमार]
मुख्य महाप्रबंधक तथा प्रथम अपीलीय प्राधिकारी